ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 08-08-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-08 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-09	2022-08-10	2022-08-11	2022-08-12	2022-08-13
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	10.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	35.0	35.0	31.0	32.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	27.0	27.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	90	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	65	60	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	12.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	70	70	100	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	6	7	5	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (01 - 07 अगस्त , 2022) में 69.6 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 29.6 से 32.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.4 से 26.5 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 83 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 53 से 80 प्रतिशत एवं हवा 0.7 से 3.6 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 10 अगस्त को हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 31.0 से 35.0 व 25.0 से 27.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-12.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 10 से 16 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें। नये बाग लगाऐ तथा बागों से वर्षा का पानी निकालने के लिए उचित व्यवस्था करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 10 अगस्त को हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान मे खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई दो बार- पहला रोपाई के 20 दिन तथा दूसरा 40 दिन पर अवश्य करें।
मक्का	मक्का की फसल मे दो निराई गुड़ाई बुवाई के 20 तथा 35 दिन पर करें।
फोडर सर्ग	खरीफ चारा फसलों-ज्वार, लोबिया, मक्का, बाजरा, ग्वार आदि की बुवाई 15 अगस्त तक अवश्य पूरा कर लें।
गन्ना	अगस्त के प्रथम पखवाड़े में जमीन से 1.5 से 2 फीट की ऊँचाई पर प्रत्येक कतार के 5-6 गन्नों को एक साथ सूखी पत्तियो से बंधाई करें। इससे अधिक वर्षा व तेज हवाओं के कारण गन्ना गिरता नही हैं।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	अगस्त के प्रथम पखवाड़े में आम की गुठली बोने का कार्य जारी रखे। एक वर्ष पुराने बीजू पौधो को कलम बॉधने से पहले अन्य स्थान पर लगाऐ तथा ग्राफ्टिंग कार्य जारी रखे।
कद्दू	कद्दु वर्गीय फसलों की पत्तियो पर पीले-भूरे धब्बे दिखाई पड़ने मेन्कोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
टमाटर	टमाटर की फसल मे पत्तियो पर धब्बे पड़ने एवं झुलसने पर मैनकोजेब 2.5 ग्राम/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करे। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गी पालन के उत्पादन में अधिक से अधिक लाभ हेतु मुर्गियो का समय से टीकाकरण करवायें।